Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **1064 हेल्पलाइन एवं व्हाट्सएप नम्बर 9413502834 के मार्फत दर्ज मुकदमो के आधार पर एसीबी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई करने का मारा शतक।**

जयपुर, 16 अक्टूबर। राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टोलरेन्स की नीति का अनुसरण करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान (एसीबी) ने इस वर्ष अब तक एसीबी की **1064 हेल्पलाइन** एवं **व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** के मार्फत दर्ज मुकदमों के आधार पर पहली बार एक वर्ष में कुल कार्रवाई का शतक पूर्ण करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे सशक्त जागरूकता अभियान का सुपरिणाम है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हेल्पलाइन यूनिट एवं पूरी एसीबी टीम के अथक प्रयासों और हेल्पलाइन पर दर्ज मुकदमो पर दृढ़ता पूर्वक त्वरित कार्रवाई से यह शतक पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल हुई है।

उल्लेखनीय है कि एसीबी में हेल्पलाइन नम्बर 1064 की शुरुआत 20 फरवरी 2020 को होने के पश्चात नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करते हुए वृहद प्रचार प्रसार किया जाता रहा है। जिसके आधार पर वर्ष 2023 में जहाँ हेल्पलाइन 1064 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9413502834 पर दर्ज कुल शिकायतों में से 78 कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वहीं वर्ष 2024 में दर्ज कुल शिकायतों में से 85 पर सफलता पूर्वक कार्रवाई की गई।

विगत दो वर्षों की तुलना में वर्तमान वर्ष में 15 अक्टूबर 2025 तक ही उक्त दोनों हेल्पलाइन पर कुल **101 कार्रवाईयों** को सफलता पूर्वक एसीबी द्वारा सम्पादित किये जाने का शानदार और उल्लेखनीय रिकॉर्ड हासिल हुआ है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान (एसीबी) की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल एसीबी टीम की कार्यकुशलता को दर्शाती है बल्कि आमजन में भ्रष्टाचार के विरुद्ध विश्वास और जागरूकता को भी सशक्त बनाती है। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्थान सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंन्स की नीति पर प्रतिबद्ध रहते हुए एसीबी द्वारा भविष्य में भी इसी दृढ़ संकल्प के साथ कार्यवाही जारी रहेगी।